## सार-समाचार

### निःशुल्क जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर

**श्रीमाधोपुर।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज तथा राजेन्द्र प्रसाद कयाल की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा बुधवार 2 अप्रैल को श्रीमाधोपुर के चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में "67 वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर" का आयोजन किया जाएगा। क्लब के गिरिराज कयाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में मरीजों के आंखों की जांच की जायेगी तथा इनमें से चयनित मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर बस से रेफर किया जाएगा जहां चयनित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा साथ ही चयनित मरीजों के आने-जाने कि व्यवस्था से लेकर मरीजों के खानपान व रहने की व्यवस्था निःशुल्क की जाएगी। इससे पहले आयोजित 66 शिविरों में 6126 पंजीकरण, जिनमें से 1931 मरीजों की आंखों के सफल ऑपरेशन हो चुके है। शिविर में आने वाले मरीजों से निवेदन है कि वे अपने आधार कार्ड की 2 फोटो कापी साथ लेकर आये।

### कर्नल बैंसला की पुण्यतिथि मनाई

**अलवर।** श्री पटेल वीर गुर्जर छात्रावास अलवर में स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला जी की तृतीय पुण्य तिथि मनाई। इस मौके पर अध्यक्ष बाबूलाल पोसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र कसाणा, कोष अध्यक्ष रामस्वरूप सिराधना, पूर्व नर्सिंग अध्यक्ष प्रेम पटेल ,कर्मचारी संगठनों के पद अधिकारी देवेन्द्र पोसवाल , रामकरण रावत , धर्म सिंह कांवर, अजीत सिंह, बनवारी गुर्जर उदय सिंह भूप सिंह महाराज सिंह एडवोकेट खेमराज फूल सिंह देवी सिंह तथा सैकड़ो युवा उपस्थित हुये। राजेन्द्र कसाणा ने कहाँ कर्नल साहब को सच्ची श्रृद्धांजली कामियाब समाज मे आपकी हिस्सेदारी हो। कर्नल साहब के वाक्यों को दोहराते हुये कसाणा ने कहाँ उनका सपना था कर्ज मुक्त समाज अच्छा स्वस्थ घर मे पढ़ी लिखी माँ। छा जायो छाये रहो। उनके आन्दोलन को याद कर गुर्जर एकता व संघर्ष को याद किया। स्वतन्त्र भारत का सबसे बड़ा जेल भरो आन्दोलन को याद कर अति पिछड़ों को अपना हक दिलाया। कर्नल बैंसला जी के अन्दर अदुभुत नेतृत्व क्षमता थी उन्होंने उस नेतृत्व क्षमता को सकारात्मक उपयोग कर अति पिछड़ों की लड़ाई लड़ी। आज हम सबको उनके पद चिन्हों पर पर उनको याद कर उन्होंने जो समाज की परिकल्पना की उसको पूरा करने का संकल्प लिया तथा उपस्थित जनों ने उनको श्रृद्धांजली अर्पित की।

### डॉ.कांता मीना को मिली विद्या वाचस्पति की उपाधि

**श्रीमाधोपुर।** महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के संत मीरा बाई सभागार में आयोजित नवम दीक्षांत समारोह में राजस्थान के राज्यपाल व कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे, कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित व संपादक ऑर्गेनाइजर (राष्ट्र की आवाज) प्रफुल्ल केतकर ने शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ.कांता मीना को शिक्षा संकाय में विद्या वाचस्पति की उपाधि से विभूषित किया। डॉ.मीना ने अपना शोध कार्य "राजस्थान में कक्षा 9 के विद्यार्थियों के लिए संस्कृत विषय में आईसीटी सामग्री के उपयोग का अध्ययन" पर पूर्ण किया। इनके शोध-पत्र कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके है। इनकी दो पुस्तकें काव्य संग्रह कैलाशी व कहानी संग्रह तरुशिखा प्रकाशित हो चुके है। पूर्व शोध निदेशक व पर्यावरण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.अनिल कुमार छंगाणी, शोध निदेशक अभिषेक वशिष्ठ ने डॉ.मीना को सम्मानित होने पर खुशी व्यक्त की।

### मेला रामनवमी की तैयारियां प्रारंभ

**श्रीमाधोपुर।** छालिया वाली जोहडी श्रीमाधोपुर स्थित श्री इच्छापूर्ण बालाजी के यहां आगामी 6 अप्रैल रविवार को भरने वाले मेला रामनवमी की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। बताया गया है कि मेले में इनामी कुश्तीया ,दौड़, घूड़ दौड़, कबड्डी एवं लॉटरी का लक्की ड्रॉ आयोजित किया जाएगा। लॉटरी में मोटरसाइकिल ,स्कूटी, एलईडी टीवी, मोबाइल, फ्रिज, आटा चक्की, कूलर आदि इनामें रखी गई है। मेले में दुकान लगाने वालों को उचित ईनाम दिया जाएगा व मेले में रंगीन आतिशबाजी भी की जाएगी। मेला कमेटी की ओर से बताया गया है कि 5 अप्रैल शनिवार को शाम 7 बजे से भजन मंडली द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ व भजन का आयोजन किया जाएगा , वहीं रविवार 6 अप्रैल को प्रात: 9: बजे अलौकिक श्रृंगार व हनुमान चालीसा पाठ, शाम 4 बजे से इनामी कुश्तीया रुपए 50, 100, 250 व 500 की पांच - पांच तथा रुपए 1100 की दो तथा रुपए 21 सौ, 31 सौ व 51सौ की एक-एक कुश्ती कराई जाएगी। कुश्तियों की संख्या को पहलवानों के अनुसार घटाया व बढ़ाया जा सकता है। मेला कमेटी ने क्षेत्र वासियों से आग्रह किया है कि मेले में सपरिवार व मित्र गणों के साथ पधार कर बजरंगबली के दर्शन कर मेले की शोभा बढ़ावे।

### शिविर में 131 ने रक्तदान किया

**सांभरझील, (निसं)।** यहां ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में सोमवार को ब्लड बैंक फुलेरा के तत्वाधान व सांभर के आकाश सैनी की स्मृति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर शुभारंभ जयपुर के चमनगिरी जी महाराज ने दीप प्रज्वलन करके किया। आयोजक शंकरलाल सैनी ने बताया कि प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध करवाना ताकि किसी का जीवन बचाना है, ब्लड बैंक फुलेरा द्वारा रक्त एकत्रित किया गया। इस शिविर में स्व, आकाश सैनी रक्तदान टीम एवं कुवाल परिवार ने बट चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर चमन गिरी जी महाराज ने कहा कि लोगों की सेवा ही सबसे बड़ा परमार्थ है। निस्वार्थ सेवा करना मानवता की पहली पहचान है। शिविर में पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने सभी रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की। सभी रक्तदाताओं को आयोजक की तरफ से प्रमाण पत्र देकर उनका हृदय से आभार व्यक्त किया गया। शिविर में नागरिक विकास समिति के सचिव जितेंद्र डांगरा, जिला सेवादल पदाधिकारी सोमेश अजमेरा, विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी वकील सुनील शर्मा, पूर्व पार्षद हीरालाल तंवर, महेंद्र कुमार अजमेरा, मनीष सैनी, धर्मेंद्र सैनी, कुंदनलाल मालाकार, दिनेश बंजारा, दिनेश कुमार शर्मा, अमित माथुर सहित अनेक लोगों की उपस्थिति रही।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण, पुष्पांजलि अर्पित की

**अलवर।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सोमवार को जिले के एकदिवसीय दौरे पर रहे, यहां उन्होने मालाखेड़ा तहसील के ग्राम सुमेल में डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण कर पुष्पांजलि अर्पित की। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में बाबा साहब को नमन करते हुए कहा कि आज महाराजा भर्तृहरि की ऐतिहासिक पावन धरा पर भारत रत्न एवं आधुनिक भारत के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण हुआ है, इससे सभी को उनके आदर्शों, मूल्यों एवं विचारों से रूबरू

- **बाबा साहब का संपूर्ण जीवन समतामूलक समाज की स्थापना व लोक-कल्याण के लिए रहा समर्पित - उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा**

होने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का संपूर्ण जीवन समतामूलक समाज की स्थापना व लोक-कल्याण के लिए समर्पित रहा है। लोकतांत्रिक चेतना से दीप्त उनका महान जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने बाबा साहब के



**डॉ. अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने संबोधित किया।**

व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी शिक्षा एवं जीवन के संघर्षों से लोगों को अवगत करवाया।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब विश्व में मानवता के प्रेरणास्त्रोत हैं, हम सभी को उनके आदर्शों, विचारों को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। बाबा साहब ने शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का मंत्र दिया था जिसे हमे याद रखना चाहिए। बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन शिक्षा के प्रसार, सामाजिक भेदभाव के अंत और वंचितों के सशक्तिकरण को समर्पित किया। उन्होंने डॉ. अंबेडकर के भारतीय संविधान निर्माण में अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि बाबा साहब ने विभिन्न मतों, विचारधाराओं के बीच संतुलन बनाकर भारत के भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दुनिया का सबसे बड़े लिखित एवं जीवंत दस्तावेज के रूप में संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों द्वारा रखी गई मांगों पर नियमानुसार सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया। वहीं केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री व अलवर सांसद भूपेंद्र यादव के प्रतिनिधि ने ग्रामवासियों की मांग पर ई-लाइब्रेरी बनाने की घोषणा से अवगत करवाया।

कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष व विधायक टीकाराम जूली, दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा, पूर्व विधायक जयराम जाटव, उमरैण के प्रधान दौलतराम जाटव, मालाखेड़ा की प्रधान वीरमति देवी, श्रीमती सरिता राज जाटव, शिवलाल गुर्जर, नवीन भारती, लालचंद, पीएम बैरवा, बाबूलाल बैरवा, राम चरण वर्मा, सुंदरलाल सहित जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव

**कोटपूतली।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय नगर परिषद कार्यालय में रविवार शाम को जिला स्तरीय सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत व नगर परिषद सभापति पुष्पा सैनी ने शिरकत की। जिला स्तरीय सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय राजस्थानी कलाकारों ने मंच पर गौरवशाली कला के रोचक रंगों को उकेरा। मीना सपेरा एंड पार्टी द्वारा चरी, कालबेलिया एवं घूमर नृत्य, प्रभूदयाल एंड पार्टी द्वारा पद दंगल गीत एवं नृत्य प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। साथ ही प्रसिद्ध भपंग वादक नूरद्दीन मेवाती द्वारा भपंग वादन की भी प्रस्तुतियां दी गई। वहीं इस दौरान डॉ. रमाकांत सुमन ने हास्य रस, गुरुदयाल भारती ने वीर रस, डॉ. रामसिंह जिद्दी ने श्रृंगार रस की कविताओं से श्रोताओं का मन मोहा। वहीं धुड़ाराम पदम एवं महेश जिज्ञासु ने भी अपनी विरली कविताओं के माध्यम से जनसभा को मनोरंजित किया।

# कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक पहुंचे ईदगाह, दी मुबारकबाद

**टोंक।** जिलेभर में ईद की नमाज मोहब्बत-भाईचारे के संदेश के साथ अदा की गई, जो सोमवार को जिले की सभी ईदगाह में ईद की नमाज अदा हुई, साथ ही कई जामा मस्जिदों में भी हजारों लोगों ने ईद की नमाज पढ़कर दुआएं खैर की। जिला मुख्यालय पर ऐतिहासिक बहीर ईदगाह में करीब 30 हजार नमाजियों ने नमाज अदाकर अमन चैन की दुआएं की, जहां मौलवी सईद ने ईद की नमाज अदा कराई।

इस मौके पर मौलवी सईद ने कहा कि सभी मोहब्बत व भाईचारे के साथ रहे, साथ ही नमाज के बाद मुल्क में अमन चैन रहने की दुआएं की। इस मौके पर मुफ्ती आदिल नदवी ने भी इस्लामी तरीके पर रोशनी डाली, ईदगाह कमेटी के सचिव मोइनुद्दीन निजाम ने ईदगाह के एक हिस्से में तामीरी कार्य शुरू किए जाने की जानकारी दी। ईदगाह में ईद के



**ईद की नमाज मोहब्बत-भाईचारे के संदेश के साथ अदा की।**

मौके पर पूर्व की भांति इस बार भी प्रशासन व नगर परिषद ने ईदगाह में ईद की मुबारक बाद दिए जाने के लिए टेंट लगाया। जहां पर कलेक्टर डॉ. सौम्या झा एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान सहित प्रशासनिक अधिकारी आदि मौजूद रहे। उन्होंने ईद की खुशियों में भाग लेकर आपसी सद्भाव को बढ़ाव देने का संदेश दिया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरि प्रसाद बैरवा, तुलसीराम मीणा, सुभाष मिश्रा, मणिंद्र लोदी, सहित कई संगठनों के लोग मौजूद रहे तथा उन्होंने एकता भाईचारे का संदेश दिया।

# मेले व भंडारे में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**मनोहरपुर, (निसं)।** थाना क्षेत्र के टोंकी धाम रामसिंहपुरा अरावली की पहाड़ियों में स्थित श्री श्री 1008 श्री ज्वाला माता जी के मन्दिर पर चैत्र माह के प्रथम नवरात्री के दिन माता जी के मन्दिर परिसर में मेले व भंडारे विशाल का आयोजन किया गया जिस में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता जी के द्वारा पर पहुंच कर माता ज्वाला का आशीर्वाद लिया और इस दौरान श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ली मेले में लगी दुकानों पर महिलाओं ने जमकर खरीददारी की।

भक्त मूलचंद बावरिया ने बताया कि यह मंदिर अरावली के पहाड़ियों पाण्डव काल के समय का लगभग पिछले 750 वर्ष पुराना बताया जाता है इस समय के दौरान कई हिन्दू समुदाय के लोगों ने इस देवी की सेवा पूजा की है अब इस ज्वाला माता की मंदिर पर पिछले पिछले 108 वर्षों से बावरिया परिवार के रामसिंहपुरा पिठाटी निवासी मुख्य भगत स्वर्गीय श्री शेराराम उनके पुत्र श्री कमल भगत व उनके सुपोत्र मूलचंद बावरिया इस मंदिर पर पिछले 108 वर्षों से विधि विधान से सेवा पूजा कर रहे हैं भक्त मूलचंद ने बताया कि माता ज्वालामुखी ने उनको स्वप्न में आकर साक्षात दर्शन दिया और कहा कि आगामी समय में मेरी गद्दी पर भक्त रहोगे ओर मंदिर पर आए भक्त श्रद्धालुओं के संकटों का निवारण करोगे मैं यह आपको अपना असीम आशीर्वाद और वचन देती हूं इस चैत्र नवरात्रि के प्रथम नवरात्रि पर मेरे मेले और विशाल भंडारे का आयोजन करोगे इसके पश्चात भक्त मूलचंद ने अपने परिवार और अपने गांव के समस्त गांव के लोगों को इस बारे में बताया तो इसमें सभी स्थानीय ग्राम वासियों ने सहमति जताई जिसको लेकर चैत्र मास के प्रथम नवरात्रि पर टोंकी वाली माता ज्वालामुखी जी के मंदिर पर मेले व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया! इस मेले में भजन गायक गिर्राज लालवाडी व डांसर मुस्कान माना गुजरी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही जिस दौरान स्थानीय सरपंच किशोर प्रजापत बडोदिया सरपंच दाताराम गुर्जर दूडाराम पोसवाल वार्ड नंबर 19 से पार्षद पिंकी देवी व पार्षद प्रतिनिधि मुकेश कुमार बिदावत विकाश वार्ड 18 महेश सोलंकी पंच राजू नायक हरफूल नायक अजय बहरोड़ मंदिर समिति के अध्यक्ष फूलचंद रावत कार्यकर्ता कमलेश कृष्ण इंद्राज विजेंद्र पोसवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### चेटीचंड महोत्सव का समापन

**देवली, (निसं)।** शहर में पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा आयोजित चार दिवसीय चेटीचंड महोत्सव मेले का समापन हुआ। इस अवसर पर वाहन रैली, झूलेलाल साहिब विशेष श्रृंगार, कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। समाज अध्यक्ष विनोद धर्मानी ने बताया कि शोभायात्रा बहराना साहब से निकाली गई, जिसमें पारंपरिक सिंधी नृत्य (छैज़) का प्रदर्शन हुआ। युवक-युवतियां विभिन्न किरदारों का श्रृंगार करके शोभायात्रा की शोभा बढ़ाते हुए दिखाई दिए। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पवित्र बनास नदी के तट पर बोरडा गणेशजी पहुंची। इससे पहले शहर के पटेल चौक ठाुप एवं व्यापार महासंघ ने शोभायात्रा पर पुष्प बरसाए और जलपान कराया। जहां पर सभी समाज के लोगों द्वारा पूज्य बहिराणा साहब की पवित्र ज्योत को पवित्र बनास नदी के तट पर देश प्रदेश खुशहाली की मुरादे मांगते हुए विसर्जन किया गया। सभी ने एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष विनोद धर्मानी ने कहा कि यह महोत्सव हमारी संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। हमें अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने और अपनी परंपराओं को बनाए रखने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। इस महोत्सव में शहर के लोगों ने भाग लिया और अपनी संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित किया। यह महोत्सव हमारी एकता और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### ईशर गणगौर की पूजा की

**देवली ,** गणगौर के अवसर पर शहर के कई स्थानों पर महिलाओं ने जुलूस के रूप में गणगौर को पानी पिलाया तथा ईशर गणगौर की सवारी निकालते हुए अखंड सौभाग्य एवं सुख शांति की कामनाएं की। इसे लेकर देवली के पटेल नगर की महिलाओं ने पटेल नगर शिव मंदिर से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकालकर भगवान शिव एवं माता पार्वती कि ईशर गणगौर के रूप में पूजा आराधना की। कलश यात्रा के दौरान महिलाओं ने जमकर नृत्य कर अपने उल्लास को प्रकट किया। गणगौर ठाुप की यशोदा जोशी ने बताया कि गत 16 दिनों से प्रतिदिन ईशर गणगौर की पूजा की जा रही है। इस दौरान गणगौर पूजने वाली महिलाओं ने अपने-अपने घर पर गणगौर का बिंदौरा भी आयोजित किया। इसी प्रकार घोषी मोहल्ले में गणगौर ठाुप की महिलाओं ने भी ईशर गणगौर की पूजा अर्चना की तथा जुलूस निकाला। इस दौरान घोसी मोहल्ले में गणगौर ठाुप की ममता शर्मा, जया कुमावत, मीनाक्षी जिंदल, दुर्गा भुंवालिया, पायल शर्मा, रेखा शर्मा, सोनिया शर्मा सहित कई महिलाएं थी। इसी तरह एजेंसी एरिया स्थित श्री नेवरबाग बालाजी मंदिर परिसर में महिला मंडल ने कलश यात्रा निकाली वही ईसर गणगौर की शोभायात्रा निकाली। शहर के समाजसेवी राकेश दिया ने जानकारी में बताया कि शहर के छाया मार्केट में भी गणगौर की पूजा सुबह 8:00 से शुरू होती हुई दोपहर 3:00 बजे तक इस पूजा सभी समाज की महिलाओं ने भाग लिया इस दौरान महिलाओं ने जमकर नृत्य किया और ईशर गणगौर का पूजन किया। हर्ष उल्लास के साथ मनाया ईदुल फितर

### सजदा ए शुक्र अता किया

**देवली।** शहर में ईदुल फितर का पर्व सोमवार को बड़े ही हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। ईद पर्व पर मुस्लिम समाज के लोग जयपुर रोड़ स्थित (सी आई एस एफ) परिसर ईदगाह पर पहुंचे और रमजान का महीना पूरा होने पर मोमिनों द्वारा अल्लाह की बारगाह में सजदा ए शुक्र अता किया गया। समाज के प्रवक्ता हारून अंसारी और मोहम्मद इदरीस मैं जानकारी बताया कि शही ज़ामा मस्जिद के इमाम नज्में इफ्तिखार साहब के द्वारा अता करवाई गई। ईद के मौके पर शहर के मुस्लिम क्षेत्रममें सुबह से ही रौनक देखने को मिली। इस अवसर पर शाही इमाम ने बताया कि यह ईद हमे माहे रमज़ान के पूर्ण होने पर अल्लाह की की और से तोहफे के रूप में मिली है। जिसे हमें खुदा शुक्र अता करते हुए खुशियों के संग मनाना चाहिए। उन्होंने अल्लाह और उसके रसूल मुहम्मद सल्लाहु अलैहि वसल्लम के बताए हुए मार्ग पर चलने का सदेश दिया। और सादगी से जीवन जीने की बात कही। तो वहीं नमाज के बाद वतन की खुशहाली अमन चैन सांप्रदायिक सौहाद्र लिए दुआ मांगी गई।

### गणगौर की सवारी निकली

**फुलेरा,** कस्बे में सोमवार को सुहागिनों द्वारा ठाुप बनाकर गणगौर माता की पूजा अर्चना की गई। इसके पूर्व क्षेत्र में महिलाओं द्वारा सोलह श्रृंगार कर क्षेत्र के विभिन्न मन्दिर व उद्यानों में गाजे-बाजे के साथ जाकर कलश में जल, दोब, पुष्प आदि लाकर एवं इस त्योहार की प्रसिद्ध मिठाई घेवर एवं विभिन्न पकवान बनाकर तथा गणगौर के लोकप्रिय गीत गाते हुए गणगौर माता की पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही श्रीरामनगर स्थित शिव मन्दिर, बालाजी की बगीची से नगर पालिका प्रशासन के तत्वावधान में दोपहर 3 बजे गणगौर माता की सवारी निकाली गई। गौरतलब है कि उक्त सवारी बगीची से रवाना होकर क्षेत्र के तेजाजी चौक, पंचमुखी बालाजी के मन्दिर, ठाकुर जी मन्दिर से पुलिया (ऑवरब्रिज) से होते हुए, न्यू कोलोनी गणेश मन्दिर, बस स्टेण्ड, गांधी चौक से सब्जी मण्डी होते हुए बालाजी बाईपास सड़क से इन्द्रा बाजार होकर सायं 7:30 बजे मेला स्थल गणगौरी बाजार पर पहुंची। जहां पर उपस्थित महिलाओं ने गणगौर की विशेष पूजा अर्चना की। इसके बाद वहां से रवाना होकर स्थानीय नगर पालिका परिसर पर सवारी का समापन किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्षा प्रतिनिधि जितेन्द्र अठावाल, पालिका उपाध्यक्ष योगेश कुमार सैनी, पार्षद जितेन्द्र वर्मा, गणेश सैनी, तरूण सहित अन्य कई महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

### दो ट्रेक्टर-ट्रोली व ट्रेलर जब्त

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के द्वारा अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान वृत्ताधिकारी देवली रामसिंह एवं थानाधिकारी घाड हरिराम वर्मा के नेतृत्व मे गठित टीम ने ग्राम देवडावास से एक ट्रेक्टर मय ट्रोली को अवैध बजरी का परिवहन करते जप्त किया। इसी प्रकार थाना दूनी व डीएसटी टीम ने अवैध बजरी खनन व परिवहन में संयुक्त कार्यवाही करते हुए राजमहल पेट्रोल पम्प के पास से अवैध बजरी परिवहन करते एक ट्रेलर एवं एक ट्रेक्टर-ट्रोली को अवैध बजरी से भरी हुए को जप्त किया है।

# मालपुरा में दस हजार लोगों ने ईदगाह में पढ़ी सामूहिक नमाज, मांगी अमन चैन की दुआ

**मालपुरा** (निस) सोमवार को ईदुलफितर के त्यौहार पर जयपुर भीलवाडा मार्ग स्थित केकडी रोड ईदगाह मे दस हजार मुस्लिम समाज के नमाजियो ने पढी ईद की सामुहिक नमाज। खुदा की ईबादत मे शीश झुका मांगी अमन चैन की दुआ। नमाज के बाद घरो की और लौट रही भीड द्वारा ट्रक स्टेण्ड चौराहे पर नारेबाजी करने से दूदू छाण व जयपुर भीलवाडा राजमार्ग पर बने जाम के हालातो के बाद अफवाहो के चलते नेशनल मिडिया पर दिनभर मालपुरा सुर्खियां बना रहा।

जिला पुलिस अधिक्षक भ्रामक खबरो से अफवाह फैलाने वालो पर कार्यवाही की दी चेतावनी। सोमवार को प्रात: आठ बजे केकडी रोड ईदगाह पर शहर काजी वकार अहमद नकवी द्वारा ईदुलफितर की सामुहिक नमाज अदा करवाई गई। नमाज के बाद दस हजार से अधिक लोगो की भीड मालपुरा केकडी मार्ग से अपने घरो की और लोट रही थी। इसी दौरान भीड मे शामिल युवाओं ने ट्रक स्टेण्ड चौराहे पर धार्मिक नारेबाजी शुरू कर दी। जिससे देखते ही देखते ईदगाह से ट्रक स्टेण्ड तक भारी भीड जमा हो गई। दो स्टेट हाईवे के चौराहे पर भारी भीड के चलते जाम के हालात बन



**ईदुलफितर के पर्व पर ईदगाह मे सामुहिक नमाज के बाद भीड द्वारा ट्रक स्टेण्ड चौराहे पर नारेबाजी से बने जाम के हालात**

गये। हालांकि पुलिस प्रशासन ने ईदगाह मे लोगो की संख्या को देखते हुये शहर मे आने वाले चार मार्गो से ट्रेफिक डायवर्ड कर दिया था। नारेबाजी कर रहै युवाओं को पुलिस प्रशासन द्वारा समझाईश कर ट्रक स्टेण्ड चौराहा व दोनो राजमार्गो को खाली करने की कार्यवाही के दौरान पुलिस व भीड के बीच हुई कहासुनी का विडियो सोशल मिडिया पर वायरल हो गया।

जिसे लोगो ने अलग-अलग कयास लगाते हुये वायरल कर देने से मालपुरा मिडिया की सुर्खिया बन

- **दूदू-छाण व जयपुर भीलवाडा राजमार्गो पर बने जाम के हालात**
- **पुलिस प्रशासन ने शहर मे आने वाले चार मार्गो से ट्रेफिक डायवर्ड किया**

गया। नारेबाजी कर रहै लोगो का कहना था कि वो लोग हर वर्ष की भांति इस बार भी उन्ही के मजहब से जुडे नारे लगा रहै थे।

समाज के वरिष्ठजन युवाओं को अपने घरो की और जाने के लिये समझाईश कर रहै थे। लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा भीड को हटाने के लिये थोडा कडा रूख अपनाने से युवाओं आक्रोशित हो गये। तो वही पुलिस प्रशासन का कहना है कि दो स्टेट हाईवे के चौराहे पर रूक कर नारेबाजी करने से जमा भारी भीड से जाम के हालात बन गये थे। पुलिस के जवानो ने चौराहे से भीड से समझाईश कर हटाने का प्रयास किया गया था। कडा रूख अपना बल प्रयोग करने की सुचना व आरोप निराधार है। थानाधिकारी चेनाराम बेडा ने बताया कि मालपुरा के हालातो को देखते हुये वर्ष 2020 मे तत्कालीन प्रशासन ने शहर मे दोनो ही समुदायो के धार्मिक जुलुस व यात्राओं के परम्परागत मार्ग बदल नवीन मार्ग तय किये गये थे। बीते पांच साल से मालपुरा मे ईद व दशहरे का जुलुस निकलने की परम्परा बंद है। ईद पर भी इस बार मुस्लिम समाज की और से ईद का जुलुस निकालने के लिये स्वीकृति के लिये कोई प्रार्थना पत्र नही दिया गया। बिना अनुमति के चौराहे पर नारेबाजी कर भीड लगाने जैसे हालात बनने पर लोगो को समझाईश कर चौराहे से हटाया गया। पुलिस उपाधिक्षक आशीष प्रजापत व थानाधिकारी चेनाराम बेडा सहित डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी, पचेवर थानाधिकारी मुकेश कुमार पुलिस जाप्ते के साथ मुस्तैद रहै। ईद के अवसर पर सदभावना समिति अध्यक्ष इकबाल दादा के आवास पर एसडीएम अमित चौधरी व अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक मोटाराम बेनिवाल, वृत्ताधिकारी आशीष प्रजापत, थानाधिकारी चेनाराम बेडा की दस्तारबंधी कर एक-दुजे को ईद की मुबारकबाद दी गई।

# अलवर में घटिया रोड बना रहे ठेकेदार को लोगों ने घेरा

**अलवर।** अलवर के ट्रांसपोर्ट नगर में घटिया रोड बनाने पर ठेकेदार प्रवीण चौधरी को सोमवार को वहां के लोगों ने घेर लिया। भीड़ इतनी आक्रोशित हो गई कि ठेकेदार पर हाथापाई की नौबत आने लगी तो उसने हाथ जोडक़र माफी मांग ली। इसके बाद नगर निगम के कमिश्नर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। आमजन का आरोप है कि मिट्टी के ऊपर ही रोड बना दी। जो कुछ दिनों में टूट जाएगी। वहीं पार्षद हेतराम यादव पर कमिशन का आरोप लगाया तो उनका गुस्सा भी झेलना पड़ा।

वार्ड पार्षद हेतराम यादव ने बताया कि एनकेप का 4 करोड़ 61 लाख रुपए डामरीकरण, नाली व इंटरलॉकिंग का काम दोनों मंत्रियों के सहयोग से काम मंजूर हुआ था। लेकिन अब यहां घटिया काम होने लगा। रोकने पर भी ठेकेदार ने नहीं सुनी। मतलब कई जगहों पर मिट्टी पर ही डामरीकरण का काम शुरू कर दिया। अब कमिश्नर मौके पर आएं हैं। आमजन ये चाहता है कि गलत काम को दुरुस्त कराया जाए।

मौके पर इस तरह भीड़ ने रोड बनाने वाले ठेकेदार प्रवीण चौधरी को घेर लिया। हाथापाई करने की नौबत तक आ गई थी। लेकिन ठेकेदार ने



**घटिया रोड बनाने पर ठेकेदार प्रवीण चौधरी को लोगों ने घेर लिया।**

माफी मांग कर पीछा छुड़ाया। बाद में अधिकारी आ गए। मौके पर इस तरह भीड़ ने रोड बनाने वाले ठेकेदार प्रवीण चौधरी को घेर लिया। हाथापाई करने की नौबत तक आ गई थी। लेकिन ठेकेदार ने माफी मांग कर पीछा छुड़ाया। बाद में अधिकारी आ गए। रोड बनाने वाले ठेकेदार के विरोध में वार्ड के काफी लोग एकत्रित हो गए। सबका यही कहना था कि बीच-बीच में घटिया रोड बनाया है। पुरानी मिट्टी को साफ तक नहीं किया गया। ठेकेदार से शिकायत करने के बावजूद सुनवाई नहीं की गई। न नगर निगम के अधिकारियों ने सुना। अब जनता का विरोध हुआ तो अफसर दौड़े हुए आए हैं। उधर, पार्षद ने विरोध जताया कि उस पर पैसे लेने का आरोप लगाया गया। जबकि उसने कभी किसी काम में एक रुपया नहीं लिया। काफी देर तक पार्षद ने ठेकेदार को खरी खोटी सुनाई।